## सार-समाचार

### 'विद्यालय में विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य पर जोर देना आवश्यक'

**खिरोड़,** (निसं)। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय उजीन सिंह का नाडा बेरी में पूर्व ऊर्जा मंत्री डॉ. चंद्रभान ने विद्यार्थियों से रूबरू होते हुए बताया कि आज के समय अकादमी और कक्षा कक्षीय पाठ्यक्रम के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य पर जोर देना बहुत जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभव साझा करते हुए कहा कि वह विद्यालय स्तर और कक्षा में हमेशा प्रथम रहे। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सुमित्रा जब स्कूल में थे तो कुंभाराम ने कहा कि सुमित्रा तुम तो नेत्री बन जाओ तो उन्होंने उद्रत करते हुए कहा कि सर मैं तो नौकरी लगना चाहती हूं। लेकिन फिर वही नौ बार विधानसभा की सदस्य रही और विधानसभा अध्यक्ष तक पहुंची। उन्होंने बालिकाओं से समाज की कुरीतियों को मिटाने में अपनी भूमिका के बारे में भी विस्तार से चर्चा की।प्रधानाध्यापक राज कमल जाखड़ ने बताया कि स्थानीय निवासियों के कार्यक्रम में शामिल होने आए पूर्व ऊर्जा मंत्री को खिरोड़ की कैमरी ढाणी के निवासी अर्जुन धेतरवाल ने विद्यालय की व्यवस्था से रूबरू करवाया। डॉ. चंद्रभान ने विद्यालय की व्यवस्थाओं के बारे में कहा कि ऐसा विद्यालय उन्होंने पहली बार देखा है और अन्य विद्यालय भी प्रेरणा लेकर नवाचार करते हुए इस तरह का माहौल बनाएं। प्रधानाध्यापक राज कमल जाखड ने बताया कि विद्यालय समय-समय पर हर क्षेत्र कि विशेषज्ञों को बुलाता है। इसी क्षेत्र में आज राजनीति में पहुंचे केबिनेट मंत्री तक पहुंचे डॉ. चंद्रभान का विद्यालय का में संवाद कार्यक्रम किया। उन्होंने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य पर आज प्रत्येक देश में जागरूकता है और वह विद्यार्थियों के इस विषय पर करोडों रुपए लगाकर रिसर्च कर रहे हैं। इस अवसर पर विद्यालय में ही उत्पादित ब्रोकली, पत्ता गोभी देकर पूर्व ऊर्जा मंत्री का विद्यालय स्टाफ और एसएमसी सदस्यों ने स्वागत किया। इस अवसर पर सुनिता देवी, कल्पना देवी, सुनिता मीणा, मंजू देवी, बिंदु शेखावत और विद्यालय विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### बीटीटीआई के 50 डिप्लोमा छात्रों को प्रतिष्ठित कंपनी बेन्को गुजरात में मिला रोजगार

**पिलानी,** (निसं)। बिरला टेक्निकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (बीटीटीआई) पिलानी के 50 डिप्लोमा विद्यार्थियों का चयन बेन्को प्रोडक्ट्स इंडिया लिमिटेड कंपनी वडोदरा (गुजरात) में हुआ है। संस्थान के प्राचार्य मनोज कुमार गौड़ ने बताया कि कंपनी के एचआर मैनेजर सुशांत जिना एवं टेक्निकल हैड मुंजल शाह द्वारा टेक्निकल और एचआर इंटरव्यू के आधार पर विद्यार्थियों का चयन करते हुए 3.06 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज का ऑफर दिया है तथा कंपनी की ओर से आवास की सुविधा भी दी जाएगी। चयनित विद्यार्थी मुख्य परीक्षा के बाद जुलाई माह से कंपनी में कार्यभार ग्रहण करेंगे। इसके अतिरिक्त छात्रों को ऑन जॉब ट्रेनिंग का ऑफर भी दिया गया है। संस्थान के निदेशक डॉ. बीके राउत ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि संस्थान की गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा एवं उद्योग-उन्मुख प्रशिक्षण प्रणाली का प्रमाण है। इस अवसर पर उपप्राचार्य निरंजन शर्मा, एचओडी शेरसिंह एवं नितेश कोठारी, प्लेसमेंट इंचार्ज प्रशांत अग्रवाल, मुकेश कौशिक व महेंद्र कुमार सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### श्री गोपाल गौशाला में श्री आशुतोष भवन का उद्घाटन

**नवलगढ़,** (निसं)। ग्राम पंचायत बड़वासी श्री गोपाल गौशाला बडवासी परिसर में गौशाला अध्यक्ष एडवोकेट कमलेश कुमावत एवं उनके भाइयों द्वारा अपने पूज्य पिता स्वर्गीय भागीरथमल कुमावत थानेदार की चौथी पुण्य स्मृति में गौशाला कार्यालय श्री आशुतोष भवन का निर्माण करवाया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन उनकी माता श्रीमती तीजू देवी के कर कमलों द्वारा किया गया। गौशाला कार्यालय के लिए शिवचंद ढाका ने कार्यालय कुर्सी, जगदीशप्रसाद भारतीय ने कार्यालय टेबल, सुभाष कुमावत ने लौह अलमारी गेट तथा ताराचंद कुमावत ने राम धुन साउंड सिस्टम भेंट किया। गौशाला सचिव मुकेश सीगड ने जानकारी देते हुए बताया कि कारगवाल परिवार के सहयोग के लिए राजीव कारगवाल का ग्रामवासियों द्वारा माला एवं साफा पहनाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन अंतर्राष्ट्रीय कवि हरीश हिंदुस्तानी द्वारा किया गया। जिनका भी गौशाला समिति द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन गौसेवा संकल्प के साथ हुआ।

### निसंतानता जागरूकता शिविर कल

**नवलगढ़,** (निसं)। सेवा ज्योति आरआर मोरारका चेरिटेबल ट्रस्ट एवं नीलकंठ आईवीएफ फर्टिलिटी एंड टेस्ट ट्यूब बेबी के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क निसंतानता जागरूकता शिविर का आयोजन 21 फरवरी शनिवार को सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक किया जाएगा। सेवा ज्योति के प्रशासनिक अधिकारी संजय शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में निसंतानता से संबंधित विभिन्न समस्याओं की जांच एवं परामर्श विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा प्रदान किया जाएगा। शिविर में ट्यूब ब्लॉक, आईवीएफ की बार-बार विफलता, ओव्यूलेशन की समस्या, पीसीओडी, अनियमित मासिक धर्म तथा शुक्राणुओं की कमी जैसी समस्याओं की जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि शिविर के दौरान विभिन्न जांचों पर 50 प्रतिशत की विशेष छूट दी जाएगी। साथ ही आईवीएफ पैकेज पर 20 हजार रूपए की विशेष छूट भी प्रदान की जाएगी। संस्था की ओर से अधिक से अधिक दंपत्तियों से शिविर का लाभ उठाने की अपील की गई है।

### उपनिदेशक कार्यालय का औचक निरीक्षण

**सीकर,** (निसं)। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार द्वारा गुरूवार को उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय सीकर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपनिदेशक डॉ. सुनील कुमार जांगिड सहित कार्यालय के समस्त कार्मिक उपस्थित मिले। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण कर विभागीय योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की तथा प्रगति में तेजी लाने के निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए ताकि पात्र लाभार्थियों को समय पर लाभ मिल सके। उन्होंने सभी आंगनबाडी केन्द्रों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश देते हुए संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर बिजली एवं पेयजल सुविधा विकसित करने के लिए कहा। साथ ही कार्यालय कार्यों में पारदर्शिता एवं समयबद्धता बनाए रखने के निर्देश भी दिए।

### प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय का भूमि पूजन कार्यक्रम 22 को

**खिरोड,** (निसं)। खिरोड में बनने वाले प्रथम श्रेणी का राजकीय पशु चिकित्सालय का भूमि पूजन रविवार 22 फरवरी को सुबह 11 बजे खिवाना जोहडा में श्री जी जानकीनाथ गोशाला के पास होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नवलगढ़ विधायक विक्रम सिंह जाखल होंगे। इस दिन मोहनवाडी गांव में स्थित नवनिर्मित राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ओपीडी कार्यक्रम का शुभारंभ नवलगढ़ विधायक विक्रम सिंह जाखल करेंगे। इसके बाद वे मोहनवाड़ी गांव में होने वाले निजी प्रतिष्ठान से जुडे कार्यक्रम में भी भाग लेंगे।

### स्वच्छ-जल स्वच्छ मन अभियान का शुभारंभ 22 को

**चूरू** (निसं)। संत निरंकारी मंडल की ओर से प्रोजेक्ट अमृत के अंतर्गत स्वच्छ-जल स्वच्छ मन अभियान के चौथे चरण का शुभारंभ रविवार 22 फरवरी को एन. एच. 52 स्थित राजगढ़ रोड स्थित निरंकारी सत्संग स्थल पर किया जाएगा। मंडल के शिवभगवान बजाज ने बताया कि पूरे भारत में 1500 से अधिक स्थानों पर यह कार्यक्रम एक साथ किया जाएगा। इस अवसर पर बजाज ने निरंकारी मिशन से जुड़े लोगों को अत्यधिक संख्या में भाग लेने का आव्हान किया है

### राजस्व अधिकारियों की बैठक 24 को

**सीकर** (निसं)। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने बताया कि राजस्व अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक 24 फरवरी 2026 को प्रातः 11 बजे जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष आयोजित की जाएगी।

# आयुर्वेद शरीर, मन और आत्मा के संतुलन पर आधारित जीवन पद्धति : सुराणा

**चूरू** (निसं)। जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने गुरुवार को जिला मुख्यालय पर प्रतिभा नगर स्थित राजकीय एकीकृत जिला आयुष चिकित्सालय में चल रहे 10 दिवसीय अंतरंग क्षारसुत्र शल्य चिकित्सा शिविर का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को समुचित निर्देश देते हुये कहा कि आयुर्वेद केवल रोग उपचार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह शरीर, मन और आत्मा के संतुलन पर आधारित एक समग्र जीवन पद्धित है। आयुर्वेद चिकित्सा पद्धित में वैज्ञानिक आधारों के माध्यम से रोगों की रोकथाम व उपचार किया जाता है। उन्होंने आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में आने वाले प्रत्येक मरीज को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिले। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद चिकित्सा पद्धित विश्व की सबसे प्राचीन व लाभकारी चिकित्सा प्रणालियों में से एक है।

■ चिकित्सा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए



जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने राजकीय एकीकृत जिला आयुष चिकित्सालय में चल रहे अंतरंग क्षारसुत्र शल्य चिकित्सा शिविर का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इसलिए विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न उपचार पद्धितयों व सुविधाओं के बारे में आमजन को अधिक से अधिक जागरूक करें, ताकि लोगों को इसका लाभ मिल सकें। उन्होंने कहा कि आयुष विभाग की योजनाओं और उपचार पद्धितयों का व्यापक प्रचार-प्रसार कर आमजन को लाभान्वित करें। इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने महिला-पुरूष वार्ड, ऑपरेशन थिएटर, पंचकर्म इकाई व ओपीडी काउंटर का निरीक्षण किया।

शिविर के दौरान राजगढ़ के लाभार्थी राजेश से जिला कलेक्टर ने शिविर की व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया। आयुर्वेद उपनिदेशक डॉ. सत्यवीर सिंह ने बताया कि शिविर 20 फरवरी तक चलेगा तथा आमजन को आयुष पद्धित से संबंधित विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही है। शिविर में क्षार सूत्र विधि से पाइल्स (अर्श), भगन्दर सहित मलद्वार के रोगों का शल्य चिकित्सा द्वारा निशुल्क इलाज किया जा रहा है तथा भोजन व आवास की व्यवस्था भी निःशुल्क है। इसी के साथ शिविर में अन्य रोगों के भी विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परामर्श दिया जा रहा है और आमजन को पंचकर्म, अग्निकर्म, स्त्री रोग तथा सामान्य चिकित्सा से भी लाभान्वित किया जा रहा है। इस अवसर पर शिविर प्रभारी डॉ. मनीराम शर्मा, डॉ. ओमप्रकाश चॉयल, वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ. रामकृष्ण शर्मा सहित अनेक चिकित्साधिकारी व स्टॉफ सदस्य उपस्थित थे।

# 'नोहर में बाइपास सड़कों के निर्माण में सभी सुरक्षा मानकों का रखा ध्यान'

**हनुमानगढ़,** (निसं.)। उपमुख्यमंत्री व सार्वजनिक निर्माण मंत्री दिया कुमारी ने गुरूवार को विधानसभा में बताया कि नोहर विधानसभा क्षेत्र में साहवा रोड़ से सरदारशहर रोड़ व नोहर पल्लू रोड़ से रावतसर रोड़ पर नए अलाइमेंट के अनुसार कार्य प्रारंभ हो गया है।

उन्होंने आश्वस्त किया कि नए रोड सेफ्टी ऑडिट की रिपोर्ट के बाद सभी सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखकर ही नया अलाइनमेंट तय किया गया है।उन्होंने जानकारी दी कि पूर्व में तय अलाइनमेंट पर बाईपास निर्माण के डिमार्केशन का कार्य प्रांरभ किया गया था। संबंधित कुछ काश्तकारों के द्वारा आपत्ति दर्ज की गई। विभाग के द्वारा बार-बार प्रयास के उपरान्त भी संबंधित काश्तकारों के द्वारा सहमति नहीं देने के कारण भूमि का नामान्तरण सार्वजनिक निर्माण विभाग के पक्ष में नहीं हो सका। विवाद की स्थिति को देखते हुए पूर्व में तय अलाइनमेंट पर कार्य स्थगित कर दिया गया था।

उपमुख्यमंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस संबंध में पूछे गये पूरक प्रश्न का जवाब दे रही थीं। उन्होंने बताया कि अन्य काश्तकारों के निवेदन एवं उनके द्वारा सहमति देने के बाद इन जमीनों का नामान्तरण राजस्व विभाग द्वारा सार्वजनिक निर्माण विभाग के पक्ष में किया गया।

इसके बाद सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त कर इन दोनों सडकों का अलाइनमेंट बदला गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि नए अलाइनमेंट के कार्य में लागत में बढोतरी नहीं हुई है। इससे पूर्व सदस्य द्वारा पूछे गये मूल प्रश्न के लिखित जवाब में उपमुख्यमंत्री ने बताया कि नोहर विधानसभा क्षेत्र में साहवा रोड से सरदारशहर रोड व नोहर पल्लू रोड से रावतसर रोड की 04 सितम्बर 2023 को प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति क्रमशः राशि. 219.00 लाख रुपये व 675.00 लाख रुपये की जारी की गई। इन दोनों कार्यों का शिलान्यास 07 अक्टूबर 2023 को किया गया।

काश्तकारों द्वारा सड़क अलाइनमेंट के संबंध में विरोध करने पर साहवा रोड़ से सरदारशहर रोड का निर्माण कार्य 15 दिसम्बर 2023 व पल्लू रोड़ से रावतसर रोड का निर्माण कार्य 08 दिसम्बर 2023 को स्थगित किया गया था।

उपमुख्यमंत्री ने बताया कि इन दोनों बाईपास हेतु दिनांक 27 जुलाई 2024 को जांच कमेटी का गठन किया गया था। कमेटी के सदस्य मुख्य अभियन्ता (पथ), अधीक्षण अभियन्ता (गुणवत्ता नियंत्रण) बीकानेर एवं अधीक्षण अभियन्ता (एनएच) बीकानेर थे। कमेटी द्वारा दिनांक 31 जुलाई 2024 को जांच की गई।

## चिकित्सकों का कार्य बहिष्कार पांचवें दिन भी जारी

**झुंझुनूं,** (निसं)। जिला मुख्यालय के समसपुर में स्थित मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. राकेश साबू के फैसलों के खिलाफ तथा छह सेवारत चिकित्सकों का बर्खास्त करने के विरोध में गुरूवार को पांचवें दिन भी प्रदर्शन जारी रहा। छह चिकित्सकों के सहायक आचार्य पदनाम विलोपित करने के बाद से शुरू हुए विरोध प्रदर्शन से सेवारत चिकित्सक जुड़ गए है।

चिकित्सकों द्वारा गांधीवादी तरीके से काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया जा रहा है। अरिसदा अध्यक्ष डॉ. एसए जब्बार ने बताया कि 12 फरवरी को जीएमसी प्राचार्य द्वारा नियम विरूद्ध एवं अधिकार क्षेत्र से परे पदनामित चिकित्सकों के बर्खास्त करने से मामला गर्मा गया है। सेवारत चिकित्सक निरंतर मरीजों को सेवाएं प्रदान करते हुए काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। परंतु कार्यवाही नहीं होने से चिकित्सकों को अंततः कार्य बहिष्कार के लिए मजबूर होना पड़ेगा। अरिसदा उपाध्यक्ष डॉ. सिद्धार्थ शर्मा ने बताया कि झुंझुनूं जिले की मेडिकल कॉलेज में माइक्रोबायोलोजी एवं फार्मेकोलोजी की एकमात्र फैकल्टी के बर्खास्त करने से झुंझुनूं के छात्रों के भविष्य एवं राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग की मान्यता पर भी संकट मंडरा रहा है। वहीं दूसरी ओर निशुल्क शिक्षण करवा रहे सेवारत चिकित्सक आहत एवं अपमानित महसूस कर रहे है। अरिसदा महासचिव डॉ. राजेंद्र ढाका ने बताया कि मरीजों को तनिक भी कष्ट नहीं हो इस लिए शुक्रवार का कार्य बहिष्कार स्थगित किया जाता है।

इस दौरान शुक्रवार को भी काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। शुक्रवार को गेट मिंटिंग में कार्य बहिष्कार की रणनीति तय की जाएगी। मांगे नहीं माने जाने पर अंततः मजबूर होकर कार्य बहिष्कार करना पड़ेगा। इस दौरान अरिसदा महासचिव डॉ. राजेंद्र ढाका, डॉ. सिद्धार्थ शर्मा, डॉ. श्रीराम दूलड़, डॉ. शीशराम गोठवाल, डॉ. पुष्पा रावत, डॉ. राजेन्द्र पायल, डॉ. जगदेव सिंह, डॉ. राजेन्द्र गजराज, डॉ. मधु तंवर, डॉ. आकांक्षा, डॉ. मनीषा चौधरी, डॉ. श्वेता, डॉ. दीपक देवठिया, डॉ. सपना झाझडिया, डॉ. राहुल सोनी, डॉ. गौरव बूरी, डॉ. इकराज अहमद, डॉ. दुष्यंत बसेरा, डॉ. प्रियंका कस्वां, डॉ. सुरेश मील, डॉ. नेमीचंद, डॉ. संदीप नेमीवाल समेत चिकित्सकों ने विरोध प्रदर्शन किया।

# झुंझुनूं में क्राइम सिचुएशन अंडर कंट्रोल : आईजी एस. परिमाला

**झुंझुनूं,** (निसं)। पुलिस मुख्यालय जयपुर में कार्यरत आईजी एस. परिमाला दो दिवसीय वार्षिक निरीक्षण पर झुंझुनूं पहुंची। दौरे के दौरान उन्होंने जिले में अपराध की स्थिति की समीक्षा करते हुए कहा कि झुंझुनूं में क्राइम सिचुएशन अंडर कंट्रोल है। दौरे के पहले दिन आईजी ने बगड थाने और चिडावा डीएसपी कार्यालय का निरीक्षण किया।

दूसरे दिन उन्होंने पुलिस लाइन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और पुलिसकर्मियों के साथ संपर्क सभा भी की। इसके बाद मोरारका

■ 'गैंगस्टरों व तस्करों पर कार्रवाई के लिए विशेष एक्शन प्लान बनेगा'



आईजी एस. परिमाला दो दिवसीय वार्षिक निरीक्षण पर झुंझुनूं पहुंची।

सभागार में जिले के सभी पुलिस अधिकारियों की बैठक लेकर बीते एक वर्ष में अपराध की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की। पत्रकारों से बातचीत में आईजी एस. परिमाला ने बताया कि पिछले एक साल में बीएनएस के मामलों में कमी आई है। संपत्ति से संबंधित अपराधों में भी गिरावट दर्ज की गई है।

वहीं रिकवरी और बरामदगी की सफलता में बढ़ोतरी हुई है। जो पुलिस की सक्रियता का परिणाम है। उन्होंने कहा कि झुंझुनूं जिले में गैंगस्टरों की गतिविधियों में बढ़ोतरी देखी गई है। ऐसे आपराधिक तत्वों के खिलाफ प्रो-एक्टिव पुलिसिंग के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही नशे और लकडी तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए विशेष एक्शन प्लान तैयार किया जाएगा। आईजी ने यह भी कहा कि साइबर क्राइम की रोकथाम के लिए पुलिस आमजन के सहयोग से जागरूकता अभियान चलाएगी। उन्होंने चिंता जताई कि झांसा देकर झुंझुनूं के युवाओं को विदेश ले जाकर साइबर अपराध में संलिप्त कराया जा रहा है। जिस पर गंभीरता से कार्रवाई की जाएगी। दो दिवसीय दौरे के दौरान एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय भी आईजी के साथ रहे।

## साइबर ठगी में लिप्त तीन आरोपी गिरफ्तार

**सुलताना,** (निसं)। पुलिस थाना सुलताना ने साइबर अपराध के खिलाफ बडी कार्रवाई करते हुए बैंक खाते उपलब्ध करवाने और साइबर ठगी में लिप्त तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से प्रकरण में 16 हजार रूपए माल मशरूका बरामद किए गए हैं।

एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय के निर्देशन, एएसपी देवेन्द्र सिंह राजावत के मार्गदर्शन एवं चिडावा डीएसपी विकास धींधवाल के सुपरविजन में थानाधिकारी सुलताना रविन्द्र कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने यह कार्रवाई की। साइबर ठगों के विरुद्ध संचालित म्यूल अकाउंट ऑपरेशन के तहत पुलिस ने सोलाना निवासी अनिल कुमार के बैंक खाते की जांच की। समन्वय पोर्टल व एनसीआरबी से प्राप्त शिकायतों के आधार पर सामने आया कि पश्चिम बंगाल के एक व्यक्ति से पुरानी बाइक बेचने के नाम पर 26,300 रुपए की साइबर ठगी की गई। जो अनिल कुमार के खाते में ट्रांसफर हुए। पूछताछ में अनिल कुमार ने बताया कि उसका फोन-पे क्यूआर कोड अजरूदीन निवासी साहडोली (अलवर) ने किराये पर लिया था। आगे की जांच में सामने आया कि अजरूदीन ने अपने साथी इम्ताज निवासी बड़ा बास, रघुनाथगढ़ (अलवर) के साथ मिलकर फेसबुक पर पुरानी बाइक बेचने का झांसा देकर पश्चिम बंगाल के पीड़ित से ठगी की। पुलिस ने धारा 318(4) बीएनएस 2023 एवं 66-डी आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर तीनों आरोपियों-अनिल कुमार, अजरूदीन एवं इम्ताज-को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया। झुंझुनूं पुलिस ने आमजन व युवाओं से अपील की है कि वे लालच में आकर अपना बैंक खाता या क्यूआर कोड साइबर ठगों को किराये पर उपलब्ध न करवाएं। जिला पुलिस द्वारा साइबर अपराध के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ संपन्न

**झुंझुनूं,** (निसं)। स्थानीय स्काउट गाइड मैदान में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञानयज्ञ के अंतिम दिवस पर कथा वाचक इस्कॉन मंदिर अमेरिका के लाल गोविंद दास महाराज ने सुदामा चरित्र, भागवत के सार तथा यज्ञ की महिमा का भावपूर्ण वर्णन किया।

महाराज श्री ने बताया कि श्रीमद्भागवत का सार यही है कि कलियुग में भगवान की भक्ति, नामस्मरण और सत्संग ही मोक्ष का सरल एवं सुलभ मार्ग है।

भागवत हमें प्रेम, करुणा, सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि भागवत कथा का श्रवण मात्र से मनुष्य के जीवन के ज्ञात-अज्ञात पाप नष्ट होते हैं और अंततः परमात्मा के श्रीचरणों में स्थान प्राप्त होता है। सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि सच्ची मित्रता, निष्काम भक्ति और समर्पण का सर्वोत्तम उदाहरण सुदामा हैं।

भगवान श्रीकृष्ण ने अपने बालसखा सुदामा के प्रेम और भाव को स्वीकार कर यह सिद्ध किया कि प्रभु भक्त के प्रेम के आगे धन-दौलत का कोई मूल्य नहीं रखते। भगवान भाव के भूखे हैं, वस्तु के नहीं।

## बैठक आयोजित

**खिरोड़,** (निसं)। श्री अखंड बावनी चिराना वेलफेयर सोसायटी सीकर के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा होली स्नेह मिलन समारोह के आयोजन को लेकर महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन डॉ. अर्जुनसिंह शेखावत की अध्यक्षता में उनके निवास बसंत विहार सीकर में किया गया। बैठक में सदस्यों की शानदार उपस्थिति रही।


**कार्यालय : मोहम्मद अफजल एडवोकेट, कोर्ट कैम्पस राजगढ़ जिला चूरू**
मोबाईल नं. 9079092976
दिनाक-19.02.2026

**नोटिस सर्वसाधारण**

मैं अपने मुवक्किलान राजेश पुत्र रामलाल उम्र 53 वर्ष व कमला पत्नी राजेश उम्र 51 वर्ष जाति जाट निवासीगण सेऊवा तहसील राजगढ जिला चूरू की ओर से इनकी हिदायतानुसार सर्वसाधारण को आम सूचना दे रहा हूं:- 1. यह कि मेरे मुवक्किलान की पुत्री ममता व सन्टू पुत्रियां राजेश मेरे मुवक्किलान के कहने सुनने में नहीं है तथा ममता करीब 08 साल से व सन्टू करीब 02 साल से आवारा प्रवृति के व्यक्ति के संपर्क में रहती है, जिस कारण मेरे मुवक्किलान अपनी पुत्रियों ममता व सन्टू को अपनी समस्त चल व अचल समस्त सम्पति व कृषि भूमि से बेदखल करते हैं तथा उक्त दोनों पुत्रियों से अपना रिश्ता हमेशा के लिए तोड़ते हैं। अतः जरिये नोटिस सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किलान की पुत्रियों ममता व सन्टू किसी से मेरे मुवक्किलान का नाम लेकर या स्वंय कोई लेन देन का या मुकदमें बाजी या अन्य आपराधिक घटना या अन्य संव्यवहार करती है तो इसमें मेरे मुवक्किलान व मेरे मुवक्किलान के परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी। समस्त प्रकार की जिम्मेदारी ममता व सन्टू की होगी।

भवदीय-मोहम्मद अफजल एडवोकेट, राजगढ जिला चूरू



प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

**कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर**

**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस**

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर 1/2026

(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री ओम प्रकाश मोदी पुत्र स्व.श्री रामवतार मोदी निवासी नेहरू मार्केट, झुंझुनू ने जरिये अधिवक्ता श्री राजेश सैनी राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास अखाडा मनीराम जी धार्मिक ट्रस्ट एवं मूर्ति मंदिर श्री शिव जी, हनुमान जी राणी सती रोड, झुंझुनू (पंजीयन संख्या 7 झुंझुनू 2010/26.11.2009) प्रन्यास के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।

अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 4.2.26 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइंदा तारीख पेशी 13.4.26

मोहर अदालत

सहायक आयुक्त (द्वितीय)
देवस्थान विभाग जयपुर


# राठौड़ ने महाराणा प्रताप वीर शिरोमणी प्रेरणा स्थल का शिलान्यास किया

**चूरू** (निसं)। निकटवर्ती कस्बे रतननगर में पावर हाउस के सामने महाराणा प्रताप वीर शिरोमणी प्रेरणा स्थल का शिलान्यास गुरूवार को महाराणा प्रताप विकास समिति के संरक्षक भंवरलाल संपत देवी के पुत्र बसंत हीरावत व अभय हीरावत के आर्थिक सौजन्य से समारोह पूर्वक किया गया। इस दौरान पं. राजकुमार शर्मा ने वैदिक मंत्रौच्चार से विधिवत् पूजा-अर्चना करवाई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड थे। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि कलेक्टर अभिषेक सुराणा व उप वन संरक्षक भवानीसिंह थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाराणा प्रताप विकास समिति के अध्यक्ष कैप्टन (नेवी) दलीप सिंह राठौड ने की।



पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ ने महाराणा प्रताप वीर शिरोमणी प्रेरणा स्थल का शिलान्यास किया।

इस अवसर पर राजेन्द्र सिंह राठौड ने कहा कि हीरावत परिवार अपनी कमाई में से देश के महान सपूतों की यादगार में इस स्मारक का निर्माण करवा रहे हैं। इस स्थल के निर्माण से रतननगर वासियों को अत्यधिक लाभ मिलेगा। जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि इस प्रकार के पुनित कार्य से आमजन में जुडाव होगा, इससे अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलेगी।

इस अवसर पर बसंत हीरावत ने हनुवंतपुरा से मेघसर तक सडक का नाम महाराणा प्रताप मार्ग करने का प्रस्ताव रखा। समिति अध्यक्ष राठौड ने बताया कि इसमें वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप की भव्य मूर्ति, दोनों ओर राजस्थान के लोक देवता गोगाजी महाराज, पाबूजी, बाबा रामदेव, तेजाजी, मीराबाई, वीर दुर्गादास राठौड, महाराणा सूरजमल व पन्नाधाय की मूर्तियां आकर्षक का केन्द्र होगी। डॉ. केसी. सोनी ने रतननगर और थैलासर के इतिहास की जानकारी दी। इस अवसर पर पवन यादव व पूर्व पालिकाध्यक्ष गोविन्द प्रसाद शर्मा ने भी विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन संपत तंवर ने किया। इस अवसर पर बडी संख्या में कस्बे के गणमान्य जन उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय महिला दिवस पर 'बेटी जन्मोत्सव' का आयोजन

**सीकर,** (निसं)। उपनिदेशक महिला अधिकारिता विभाग, सीकर राजेन्द्र कुमार चौधरी के निर्देशानुसार ब्लॉक पलसाना में राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के तहत महिला अधिकारिता विभाग एवं चिकित्सा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 'बेटी जन्मोत्सव' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं के जन्म को उत्सव के रूप में मनाना तथा समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना रहा। ब्लॉक पर्यवेक्षक निशा मौर्य ने बताया कि योजना का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं के जन्म को प्रोत्साहित करना तथा उनकी शिक्षा, संरक्षण, स्वास्थ्य एवं सम्मान सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम के दौरान नवप्रसूता माताओं को बेबी किट, खैस, फल एवं मिठाई वितरित की गई। साथ ही माताओं को पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी देकर जागरूक किया गया। इस अवसर पर चिकित्सा विभाग से डॉ. राकेश, आशा सहयोगिनी, एएनएम एवं ग्राम साथिन उपस्थित रहीं।